प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **स्किल इंडिया मिशन ने पूरे किए 10 साल, कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी ने कहा– योजना से महिलाओं और वंचित वर्गों को मिल रहा लाभ।**

2. **झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने तारलोक सिंह चौहान, त्रिपुरा भेजे गये जस्टिस एमएस रामचंद्र राव।**

3. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता, सीसीएल कर्मी से एक करोड़ की लेवी मांगने वाले चार भाकपा माओवादी गिरफ्तार, हथियार और पर्चे बरामद।**

4. **राज्य में भारी बारिश की चेतावनी के साथ कोल्हान में रेड और कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी, प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और जलस्रोतों के आसपास न जाने की अपील की।**

5. **15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड ने डिवीजन–ए का जीता खिताब, फाइनल मुकाबले में ओडिशा को 1–0 से हराया।**

********************

स्किल इंडिया मिशन की आज 10वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोज़गार, उद्यमिता और स्थायी आजीविका के लिए उद्योग–संबंधित कौशल प्रदान करना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक, रोज़गारपरक कौशल के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, स्किल इंडिया खासकर महिलाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए जीवन में बदलाव ला रहा है।

********************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के 10 कैदियों की याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिनमें से छह को निचली अदालत ने मौत की सजा सुनायी है। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि उनकी अपील पर झारखंड हाईकोर्ट में 2–3 साल से फैसला सुरक्षित है। हाईकोर्ट द्वारा लंबे समय तक फैसला रिजर्व रखे जाने के मामले में झारखण्ड के कैदियों के सुप्रीम कोर्ट पहुंचने का यह दूसरा मामला है।

********************

झारखंड सहित कई राज्यों के हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीशों के तबादले किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस तारलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वहीं झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव को त्रिपुरा हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

********************

देश में अब पचास प्रतिशत स्थापित बिजली क्षमता गैर–पारम्परिक ईंधन स्रोतों से चालित है और भारत ने यह लक्ष्य निर्धारित समय से पांच वर्ष पूर्व ही हासिल कर लिया है।

********************

धनबाद जिले में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन एक गंभीर समस्या है, प्रशासन, पुलिस, बीसीसीएल और सीआईएसएफ के संयुक्त प्रयास से रोका जाना चाहिए। उन्होंने बीसीसीएल को निर्देश दिया कि वह अपने लीज होल्ड क्षेत्र में ओवर बर्डन डंप करें और अवैध कोयला खनन के मुहानों को शीघ्र बंद करें।

********************

प्लास्टिक सर्जरी दिवस की पूर्व संध्या पर कल रिम्स रांची में दिवंगत डॉ. सौरभ शर्मा की स्मृति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्लास्टिक सर्जरी विभाग की यूनिट हेड डॉ. प्रियंका केरकेट्टा ने रिम्स में सफल सर्जरी मामलों की जानकारी दी। कार्यक्रम में जनरल सर्जरी और आर्थोपेडिक विभाग के रेसिडेंट डॉक्टरों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और शहर के वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जनों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान मे रांची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीसीएल कर्मी से एक करोड़ की लेवी मांगने के मामले में चार भाकपा माओवादी नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस वार्ता मे बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में योगेन्द्र गंझू, मुकेश गंझू, मनु गंझू और राजकुमार नाहक शामिल हैं, जिनके पास से हथियार और नक्सली पर्चे बरामद हुए हैं। ये सभी मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र में लेवी वसूली की योजना बना रहे थे और पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ़्तार किया।

********************

धनबाद जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मई महीने के लिए 3 लाख 52 हजार से अधिक लाभुकों के खाते में 88 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की गई है।

********************

मुद्रास्फीति के घटने से भारतीय शेयर बाजार में आज उछाल आया। अब से कुछ देर पहले सेंसेक्स 235 अंक बढ़कर 82 हजार 428 पर था और निफ्टी उन्यासी अंक की बढ़ोतरी के साथ 25 हजार 161 पर था। शुरूआती कारोबार में मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों की खरीदारी बढ़ी।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 90 हजार 8 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 18 हजार रूपये है।

********************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज सुबह झारखंड और आसपास के क्षेत्रों में एक निम्न वायुमंडलीय दबाव बनने के कारण झारखंड और आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इसके मद्देनजर कोल्हान प्रमंडल के लिए रेड अलर्ट और रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी और हजारीबाग समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और जल स्रोतों के आसपास न जाने की अपील की है।

********************

15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड ने डिवीजन–ए का खिताब जीत लिया। राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में कल खेले गए फाइनल मुकाबले में झारखंड ने ओडिशा को 1–0 से हराया, जिसमें जिर्न सोय मुंडा ने निर्णायक गोल किया। पुरस्कार वितरण समारोह में खेल मंत्री सुदिव्य कुमार और महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे मौजूद रहीं, वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विजेता टीम को बधाई दी।

*******समाप्त*********